Ans. (b) : प्रसिद्ध ग़ज़ल गायक जगजीत सिंह का संबंध राजस्थान से है। इनका जन्म सन् 1941 ई. में श्रीगंगानगर, राजस्थान में हुआ था। वर्ष 2003 में भारत सरकार द्वारा इन्हें पद्मभूषण प्रदान किया गया था। इनका देहावसान 2011 में मुम्बई, महाराष्ट्र में हुआ। इन्हें मरणोंपरान्त राजस्थान रत्न से सम्मानित किया गया।

- अनूप जलोटा – उत्तराखण्ड
- गुलाम अली – पाकिस्तान
- पंकज उधास – गुजरात

**266. 'झोरवा' लोक गीत का सम्बन्ध है-**

(a) उदयपुर से (b) जैसलमेर से
(c) बीकानेर से (d) बाड़मेर से

**कनिष्ठ अभियंता (सिविल) (डिग्रीधारक)-18.05.2022**

Ans. (b) : 'झोरवा' लोकगीत जैसलमेर क्षेत्र में गाया जाता है। इसका विषय-विरह है। पत्नी अपने पति के वियोग में गाती है। इसके अतिरिक्त अन्य लोकगीत है-कुरजां गीत, सेंजा गीत, पपीहा गीत, कागा गीत, हमसीढ़ो, जलो और जलाल, घूमर, चिरमी, ढोला-मारू इत्यादि।

**267. राजस्थान में ''झोरावा'' गीत है-**

(a) एक विरह गीत
(b) परिवार में गाया जाने वाला एक जन्मोत्सव गीत
(c) वधू विदाई गीत
(d) फसल रोपने के समय गाया जाने वाला गीत

**कनिष्ठ अनुदेशक कार्यशाला गणना एवं विज्ञान -2018**

Ans. (a) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**268. ''लांगुरिया'' गीत किस मेले का आकर्षण है?**

(a) जीण माता का मेला
(b) रामदेवजी का मेला
(c) शीतला माता का मेला
(d) कैलादेवी का मेला

**Varisht Computer Anudeshak -19.06.2022**

Ans. (d) : लांगुरिया एक भक्ति गीत है। करौली जिले में कैलादेवी की आराधना में गाए जाने वाले गीत लांगुरिया कहलाते हैं।

**269. लांगुरिया नृत्य होते हैं**

(a) श्रीनाथजी के मन्दिर में
(b) कैला देवी के मन्दिर में
(c) खाटू श्यामजी के मन्दिर में
(d) जीणमाता के मन्दिर में

**हाथकरघा निरीक्षक (उद्योग विभाग) भर्ती परीक्षा -2018**
**कृषि पर्यवेक्षक भर्ती परीक्षा-2018**
**RPSC-2017**

Ans. (b) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**270. कौनसा प्रसिद्ध राजस्थानी गीत एक युवती के सौन्दर्य का वर्णन करता है?**

(a) कुरजा (b) मूमल
(c) सपना (d) गोरबंध

**LDC Exam 09.09.2018**

Ans. (b) – मूमल राजस्थानी गीत एक युवती के सौन्दर्य का वर्णन करता है। जैसलमेर क्षेत्र का लोकप्रिय गीत, जिसमें राजकुमारी मुमल का सौन्दर्य वर्णन किया गया है। यह एक शृंगारिक गीत है।

**271. निम्नलिखित में से कौन सी गायकी लोकगायकी की श्रेणी में सम्मिलित नहीं है?**

(a) ढोला (b) आल्हा
(c) ध्रुपद (d) बारहमासा

**LDC Exam 16.09.2018**

Ans. (c) – ध्रुपद भारत की प्रसिद्ध ''शास्त्रीय गायन'' शैली है। ग्वालियर के राजा मानसिंह तोमर ने इसकी रचना की थी। ध्रुपद गायन की चार वॉनिया मानी जाती है। उपर्युक्त अन्य गायकीयां 'लोक गायकी' की श्रेणी में आती है।

**272. 'राजस्थान कबीर यात्रा' का सम्बन्ध निम्नलिखित में से किस क्षेत्र से है?**

(a) गायन (b) चित्रण
(c) लेखन (d) वानिकी

**कृषि पर्यवेक्षक भर्ती परीक्षा-2018**

Ans. (a) – राजस्थान पर्यटन और राजस्थान पुलिस की साझेदारी में गायन विधि द्वारा आयोजित, राजस्थान कबीर यात्रा एक संगीतमय पर्व है जिसका उद्देश्य कबीर, मीरा , बुल्ले शाह आदि जैसे भक्ति और सूफी संत कवियों के दर्शन और शिक्षाओं का जश्न मनाना है। त्यौहार का उद्देश्य एक समावेशी स्थान बनाना है। जहाँ विभिन्न कलाकार, विद्वान और छात्र भक्तिवाद और सूफीवाद का जश्न मनाने के लिए एक साथ आ सकते है।

**273. रतवाई लोक गीत किस क्षेत्र में गाए जाते हैं?**

(a) मेवाड़ (b) मारवाड़
(c) मेवात (d) हाडौती

**कनिष्ठ अनुदेशक भर्ती परीक्षा-2018**

Ans. (c) – रतवाई लोकगीत मेवात क्षेत्र का प्रसिद्ध लोकगीत है। मेवात में बिरहड़ा कहने की प्राचीन परम्परा है। मेवाती लोक संगीत में अभिनय, संवाद, संगीत, हास्य रसों का खूबसूरत सामंजस्य होता है। मेवात क्षेत्र हरियाणा और राजस्थान के निकटवर्ती अलवर जिले और भरतपुर जिले के कुछ हिस्से शामिल हैं।

**274. गोबरहारी, डागुरी, खण्डारी का संबंध किससे है-**

(a) ध्रुपद गायकी
(b) चित्रकला स्कूल
(c) हस्तकला केन्द्र
(d) नील उद्योग

**JEN Mechanical Degree (Tsp Area)16.10.2016**

Ans. (a) – गोबरहारी, डागुरी और खण्डारी का संबंध ध्रुपद गायकी से है। उल्लेखनीय है कि ध्रुपद गायन शैली का जन्मदाता ग्वालियर के राजा मान सिंह तोमर को माना जाता है। मान सिंह का दरबारी बैजू बावरा भी एक महान संगीतज्ञ था।

**275. 'कुचामनी ख्याल' से संबंधित कौनसा कथन सही नहीं है-**

(a) कुचामनी ख्याल के प्रवर्तक लच्छीराम हैं।
(b) इनमें पुरुष पात्र ही स्त्री चरित्र का अभिनय करते हैं।
(c) इसके कलाकार चेतराम, हमीद बेग, ताराचन्द्र प्रमुख है।
(d) इसके नर्तक ही गाने को गाते हैं।

**JEN Mechanical Degree (Non TSP Area) 21.8.2016**